✔ रक्षात्मक उपकरण जिन्हें कर्मचारियों द्वारा अवश्य पहना या इस्तेमाल किया जाना चाहिए
✔ आपातकालीन प्रक्रियाएं
✔ प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों का स्थान और योग्य प्राथमिक चिकित्सा प्रदाताओं के नाम

## अपने कर्मचारियों की समझने में मदद करें

यह सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए कि आपके कर्बचारीं सामग्रीको समझते हैं, कार्यक्रम के चारों में से प्रत्येक चरण के अंत में एक प्रश्नोत्तरी दी गयी है। आमने–सामने वाले अधिगम में, आप कर्मचारियों को अपने जवाब लिख कर देने के लिएया उनके विचार से सही जवाब क्या है आपको बताने के लिए कह सकते हैं। अपने कर्मचारियों की समझ को मजबूत बनाने में मदद करने के लिए उनके द्वारा दिये गए जवाबों पर चर्चा करें। प्रत्येक प्रश्नोत्तरी के सही जवाब कर्मचारी कार्यपुस्तिका के पीछे दिये गये हैं। प्रश्नोत्तरी के प्रश्न ई–अधिगम कार्यक्रम के समान ही होंगे। आप जानकारी को सुदृढ़ करने के लिए अपने कर्मचारियों के साथ इनकी समीक्षा कर सकते हैं।

## आगे चलकर

आपको यह दर्शाने वाला रिकॉर्ड रखना चाहिए कि इस कार्यक्रम में आपके सभी कर्मचारियों को जानकारी प्राप्त हो गयी है। प्रत्येक कर्मचारी के पास अपनी एक कार्यपुस्तिका (या ई–अधिगम कार्यक्रम का प्रिंट–आउट) होनी चाहिए जिसे वे भविष्य में देखने के लिए अपने पास रख सकें।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारों, उत्तरदायित्वों और कहाँ से अधिक जानकारी प्राप्त करनी है और कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा में मदद करना है, इन सभी के बारे में सामान्य जागरूकता पैदा करता है। अपने कर्मचारियों को कार्यस्थल के खतरों से अवगत कराएं जो अपना काम करते समय उनके सामने आ सकते हैं, और स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों तथा कार्यस्थल की कार्यविधियों से भी अवगत कराएं जिन्हें उनकी रक्षा करने के लिए बनाया गया है।

**यदि आपके मन में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में कोई सवाल हो तो कृपया 1-877-202-0008 पर श्रम मंत्रालय से संपर्क करें या वेबसाइट ontario.ca/healthandsafetyatwork पर जायें।**

कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में सामान्य जानकारी के लिए, निम्नलिखित में से किसी एक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रणाली साझेदार से संपर्क करें:

कर्मचारी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा केन्द्र
**(Workers Health and Safety Centre)–**
**www.whsc.on.ca**

ओंटारियो कर्मचारियों के लिए पेशागत स्वास्थ्य क्लिनिक
**(Occupational Health Clinics for Ontario Workers)–**
**www.ohcow.on.ca**

स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ओंटारियो
**(Health and Safety Ontario)–**
**www.healthandsafetyontario.ca**

जिनमें शामिल हैं–

- सार्वजनिक सेवा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संघ (Public Services Health and Safety Association) - स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरपालिका क्षेत्र
- कार्यस्थल सुरक्षा एवं रोकथाम सेवाएँ (Workplace Safety and Prevention Services) - फार्म, उद्योग, सेवा क्षेत्र
- अवसंरचना स्वास्थ्य और सुरक्षा संघ (Infrastructure Health and Safety Association) - विद्युत, परिवहन, निर्माण क्षेत्र
- कार्यस्थल सुरक्षा उत्तर (Workplace Safety North) - लुगदी और कागज, खनन, वानिकी क्षेत्र

© Queen's Printer of Ontario
Ministry of Labour
ISBN 978-1-4606-1633-8 (Print)
ISBN 978-1-4606-1647-5 (PDF)
December 2012
Hindi

Ministry of Labour
नियोक्ता मार्गदर्शिका

# काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा

## रोकथाम यहीं से शुरू होती है

4 चरणीय कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता के लिए एक नियोक्ता मार्गदर्शिका

Ontario

# काम पर स्वास्थ्य और सुरक्षा

## रोकथाम यहीं से शुरू होती है

**4 चरणीय कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता** का उद्देश्य कर्मचारियों को पेशागत स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिनियम (OHSA) से परिचित कराना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों और नियोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकारों और उत्तरदायित्वों पर केंद्रित है और यह कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा का एक सामान्य परिचय है।

यदि आप अपने कर्मचारियों को पहले से ही स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण या जानकारी प्रदान कर रहे हैं तो संभवत: आपको इसे वितरित करने की आवश्यकता नहीं है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारों और उत्तरदायित्वों की सामान्य जागरूकता के लिए है और यह किसी भी तरह से विशिष्ट कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण की जगह नहीं लेता है।

## अधिगम उद्देश्य

**इस स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंत तक, कर्मचारियों को निम्नलिखित कार्य में सक्षम हो जाना चाहिए:**

### चरण 1: आगे बढ़ें

1. उनकी भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों का वर्णन करते हुए इस बात का भी वर्णन करें कि कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा उनके लिए महत्वपूर्ण क्यों है और आंतरिक उत्तरदायित्व प्रणाली में वे कहाँ फिट होते हैं और ये पर्यवेक्षकों और नियोक्ताओं की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों से कैसे संबंधित है।

### चरण 2: जानकारी हासिल करें – जानने का अधिकार

2. उन्हें समझायें कि उन्हें कार्यस्थल के खतरों के बारे में जानने का अधिकार है और सर्वाधिक आम खतरों, उदाहरण के तौर पर डब्ल्यूएचएमआईएस और पेशागत रोग, का इस्तेमाल करके, सुरक्षित ढंग से कैसे काम किया जाता है।
3. जानकारी ढूँढें कि अपने नियोक्ता या पर्यवेक्षक से बात करके और कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति और प्रक्रियाओं का जानकार बनकर कैसे सुरक्षित ढंग से कामकिया जाता है।

### चरण 3: शामिल हो जायें – भाग लेने का अधिकार

4. वे अपने कार्यस्थल में स्वास्थ्य और सुरक्षा में जिस तरीके से भाग ले सकते हैं, जैसे अपने सहकर्मियों के लिए एक रोल मॉडल या अनुकरणीय व्यक्ति बनकर, एक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिनिधि बनकर या एक संयुक्त स्वास्थ्य और सुरक्षा समिति का सदस्य बनकर, और प्रशिक्षण में भाग लेकर, उन तरीकों के उदाहरण दें।
5. उनके कार्य स्थल में दी गयी जानकारी को देखकर या उनके पर्यवेक्षक या नियोक्ता से पूछकर पता लगायें कि उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिनिधि या संयुक्त स्वास्थ्य और सुरक्षा समिति के सदस्य कौन हैं।
6. सहकर्मियों के साथ कार्य स्थल में सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में बात करें।

### चरण 4: अधिक सहायता प्राप्त करें – असुरक्षित कार्य करने से इनकार करने और मदद के लिए कहाँ जाना है यह जानने का अधिकार

7. बतायें कि स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में मदद की जरूरत पड़ने पर वे अपने पर्यवेक्षक या नियोक्ता, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिनिधि या संयुक्त स्वास्थ्य और सुरक्षा समिति सदस्य से मदद माँग सकते हैं या उनसे मिलने जा सकते हैं।
8. समझायें कि यदि उन्हें लगता है कि उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा खतरे में है तो वे असुरक्षित काम करने से इनकार कर सकते हैं।
9. बतायें कि उनका नियोक्ता उन्हें अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिकारों का इस्तेमाल करने की वजह से या अपने नियोक्ता या पर्यवेक्षक को वह सब करने के लिए कहने जो OHSA कहता है कि उन्हें करना चाहिए, की वजह से धमका, या काम से निकाल नहीं सकता है ।
10. स्वास्थ्य और सुरक्षा संघ, श्रम मंत्रालय और कार्यस्थल सुरक्षा और बीमा बोर्ड सहित उन अन्य स्थानों के नाम बतायें जहाँ वे कार्य स्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा के सम्बन्ध में और अधिक जानकारी या मदद मांगने के लिए जा सकते हैं।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने की विधि

**4 चरणीय कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता** को नये कर्मचारियों द्वारा काम शुरू करने के कुछ दिनों के भीतर ही कार्यस्थल में खतरा उत्पन्न होने से पहले पूरा किया जाना चाहिए।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को अलग–अलग तरीके से प्रदान किया जासकता है:

- कार्यपुस्तिका का इस्तेमाल करके एक कर्मचारी या कर्मचारियों के एक समूह के साथ आमने–सामने
- एक ई–अधिगम कार्यक्रम (जब उपलब्ध हो) के जरिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से

ई–अधिगम और आमने–सामने के अधिगम दोनों को पर्यवेक्षकों या नियोक्ताओं के साथ विचार–विमर्श करके, प्रश्नोत्तरी के सवालों की समीक्षा करके, और कार्यस्थल में सुरक्षा पर बातचीत करके पूरा किया जा सकता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम सामग्रियां श्रम मंत्रालय के माध्यम से मुफ्त में उपलब्ध हैं। यहाँ कुछ ऐसे ही चरणों के बारे में बताया गया है जिन पर आपको या इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रदान करने वाले व्यक्ति को विचार करना चाहिए।:

### शुरू करने से पहले

- आमने–सामने के अधिगम के लिए, कार्यपुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ें और क्रियाकलापों की एक योजना बनायें। कुछ अतिरिक्त जानकारी भी है जिसें आप मंत्रालय की वेबसाइट (इसका पता इस मार्गदर्शिका के अंत में दिया गया है) पर उपलब्ध इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रदान करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।
- उपरोक्त अधिगम उद्देश्यों की समीक्षा करें।
- ई–अधिगम के लिए, प्रशिक्षण कार्यक्रम से परिचित हो लें और अपने कर्मचारियों की सहायता करने के लिए तैयार हो जायें।
- सवालों का सामना करने के लिए तैयार रहें और सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करें। काम के ठीक पहले दिन से ही स्वास्थ्य और सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान आकर्षित करने के लिए इस बात को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करें कि आपके कर्मचारी आरामदायक स्थिति में हैं या नहीं।
- कर्मचारियों को हो सकने वाली किसी तरह की विकलांगता, भाषा या साक्षरता से संबंधित समस्याओं को हमेशा ध्यान में रखें और यह भी कि उनसे कैसे पीछा छुड़ाया जाय। उदाहरण के तौर पर, आप किसी अन्य भाषा में इन सामग्रियों का अनुवाद करने या अपनी मदद के लिए एक अनुवादक को नियुक्त करने की इच्छा रख सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि कुछ कर्मचारियों को इन सामग्रियों को जोर–जोर से पढ़ने या इसे बार–बार सुननेया एक अलग तरीके से इसे व्यक्त किए जाने की जरूरत हो सकती है
- सुनिश्चित करें कि आपके पास निम्नलिखित विषयों से संबंधित जानकारी उपलब्ध हो, क्योंकि कर्मचारियों के साथ चर्चा करते समय उनको इनसे अवगत कराया जाएगा:

- ✔ स्वास्थ्य और सुरक्षा पॉलिसी की प्रति (यदि कर्मचारियों की संख्या 6 या उससे अधिक हो)
- ✔ पेशागत स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिनियम की प्रति
- ✔ पोस्टर की प्रति: *काम वास्थ्य और सुरक्षा > रोकथाम यहाँ से शुरू होती है*
- ✔ स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रतिनिधि का नाम यदि आपके पास 6 से 19 कर्मचारी हैं
- ✔ संयुक्त स्वास्थ्य और सुरक्षा समिति के सदस्यों के नाम यदि आपके पास 20 या उससे अधिक कर्मचारी हैं
- ✔ आपके कार्य स्थल में खतरे
- ✔ आपको स्वास्थ्य और सुरक्षा सम्बन्धी चिंताओं के बारे में बताते समय कर्मचारियों द्वारा अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया
- ✔ कार्यस्थल हिंसा और कार्यस्थल उत्पीड़न नीतियां
- ✔ डब्ल्यूएचएमआईएस प्रशिक्षण और सामग्री सुरक्षा डेटा शीट